**दिनांक–17.01.2020 को कृषि निदेशक, बिहार, पटना की अध्यक्षता में आयोजित एग्रो बिहार 2020 के मेला के संबंध में SOP के पदाधिकारियों एवं ICC, कोलकता के साथ हुई बैठक की कार्यवाही।**

---

उपस्थिति :– संचिका में संधारित।

कार्यवाही :–

उपस्थित सभी पदाधिकारियों को जानकारी दी गई कि एग्रो बिहार मेला 2020 के आयोजन की तिथि 14–17 फरवरी 2020 तक पर माननीय मंत्री, कृषि का अनुमोदन प्राप्त हो चुका है।

ICC, कोलकता के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि अब तक 47 कंपनियों की बुकिंग हो चुकी है। फसल अवशेष प्रबंधन से संबंधित कृषि यंत्र निर्माताओं को आमंत्रित किया जा रहा है। मिनी कम्बाईन हार्वेस्टर के निर्माता कंपनी भी मेला में स्टॉल लगायेंगे। डेयरी उत्पाद से संबंधित कंपनी एवं नये Irrigation system की कंपनियाँ भी भागादारी मेले में करेंगी। अन्तराष्ट्रीय स्तर पर यथा इजराईल, ईटली, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका से संबंधित कृषि यंत्र निर्माताओं को आमंत्रित किया जा रहा है इन्हें विभाग स्तर से पत्राचार किये जाने की आवश्यकता बताया गया।

ICC, कोलकता के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि फर्टीलाईजर की कंपनियॉ मेला में भागीदारी करने से इन्कार कर रही है। कृषि निदेशक, बिहार द्वारा फर्टीलाईजर संभाग के वरीय प्रभारी पदाधिकारी संयुक्त निदेशक (शष्य) को निदेश दिया गया कि फर्टीलाईजर कंपनियों से संपर्क स्थापित कर मेला में स्टॉल लगवाया जाय।

Frugal engineering एवं Startup वाले को मेला में Invite करने का निदेश ICC, कोलकता को दिया गया। Crop Residue वाले यंत्रों के लिए मेला में एक अलग सेक्शन रहे। कृषि विश्वविद्यालयों एवं अन्य तकनीकि विश्वविद्यालयों से संपर्क स्थापित कर नये–नये Innovative ideas देने वाले छात्रों को मेला में उत्पादों को प्रदर्शित किये जाने का अवसर दिया जाय। स्त्री एवं बच्चों हेतु मेला में पर्याप्त सुविधा दिया जाय। मेला परिसर में कम्प्यूटर की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में रहे ताकि कृषकों को परमिट निर्गत करने तथा Supply update online किया जा सके। माननीय मुख्यमंत्री के स्टॉल भ्रमण हेतु कार्ट की व्यवस्था हो। 15.02.2020 को ICC, कोलकता द्वारा सभी Participants एवं पदाधिकारियों हेतु Dinner पार्टी का आयोजन किया जायेगा।

आमंत्रण एवं निबंधन समितिः– इनके संयोजक द्वारा बताया गया कि इस समिति को सूचना प्रबंधन समिति में विलय कर दिया जाय तथा सहायक निदेशक (पौ०सं०) एवं NFSM, कोषांग में कार्यरत दो कम्प्यूटर ऑपरेटर यथा श्री पाण्डेय एवं श्री सूरज कुमार को विलय किये गये समिति में शामिल किया जाय, ताकि कार्य ससमय पूर्ण किया जा सके। सभी कार्य ससमय पूर्ण कर लिये जाने हेतु आश्वस्त किया गया।

स्टेज समितिः– इनके संयोजक द्वारा बताया गया कि सभी कार्यों की तैयारी की जा रही है जिसे ससमय पूर्ण कर लिया जायेगा। निदेश दिया गया कि Memento ऐसा बनाया जाय जिसमें यंत्र भी रहे एवं आकर्षक हो।

सूचना प्रबंधन समितिः–Back Drop, प्रवेश द्वार होर्डिंग परिसर के अंदर एवं बाहर का डिजाईन, आमंत्रण कार्ड एवं प्रवेश पत्र का डिजाईन का कार्य यथा समय कर लिये जाने का निदेश दिया गया। SOP के सभी सदस्यों एवं अन्य कर्मियों को गुणवत्तायुक्त बैग को भी डिजाईन कर उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डा इत्यादि जगहों पर टीवी चैनलों के माध्यम से प्रचारित–प्रसारित किये जाने हेतु निदेशित किया गया।

वित्तीय प्राधिकारः–इनके संयोजक को कृषि निदेशक, बिहार द्वारा निदेश दिया गया कि सभी समितियों से संपर्क कर समिति को राशि की आवश्यकता का आकलन प्राप्त कर समेकित प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाय, ताकि राशि की समुचित प्रबंध किया जा सके।

वाहन एवं आवासन व्यवस्था समितिः–श्री सुशील कुमार, उपनिदेशक (शष्य) मुख्यालय द्वारा बताया गया कि आगंतुकों विशिष्ट व्यक्तियों हेतु पर्याप्त संख्या में वाहन की व्यवस्था नहीं हो पाती है। कम–से–कम 5 वाहन की आवश्यकता होगी इस पर उन्हें निदेश दिया गया कि 5(पाँच) वाहन आन्तुकों के लिए हायर कर ली जाय।

कार्यकारी समितिः–जिला कृषि पदाधिकारी, पटना द्वारा बताया गया कि गाँधी मैदान की बुकिंग 07–19 फरवरी 2020 तक कर ली गई है। जिन जगहों की बुकिंग होनी है उसका अनापत्ति प्रमाण–पत्र की माँग अग्निशमन कार्यालय एवं अन्य कार्यालय से माँग की गई है। शेष कार्य भी ससमय पूर्ण कर लिये जाने की बात बतायी गई। खान–पान की गुणवत्ता बेहतर रखने का निदेश दिया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम, पेटिंग, क्विज, डिवेट, प्रतियोगिता :– इनके संयोजक को निदेश दिया गया कि कला सांस्कृतिक विभाग के कलाकारों के अलावे अलग से भी अच्छे आरकेस्ट्रा/कलाकार का प्रबंध किया जाय। पराली प्रबंधन पर क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाय इससे संबंधित अन्य कार्य ससमय पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

प्रसार एवं प्रशिक्षण समितिः–इनके संयोजक को निदेश दिया गया कि 38 जिलों के किसानों को मेला में भ्रमण हेतु लायेंगे। गत वर्ष लाये गये कृषक का बदलाव करते हुये नये–नये कृषक को मेला में लाया जाय। गत वर्ष से इस वर्ष 4000 कृषकों को अधिक लाया जाय। अपने से संबंधित सभी कार्य समसय पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। शेष समितियों के संयोजक को उनको आवंटित सभी कार्य ससमय किये जाने हेतु निदेशित किया गया।

निदेश दिया गया कि भूमि संरक्षण निदेशालय द्वारा जल जीवन हरियाली एवं भूमि संरक्षण से संबंधित Stall मेला में लगाया जाय। इसकी ससमय तैयारी पूरी कर ली जाय।

अगली बैठक दिनांक 04.02.2020 को 10:30 AM बजे करने का निर्णय लिया गया।

अन्त में बैठक सधन्यबाद ज्ञापन के साथ समाप्त किया गया।

कृषि निदेशक, बिहार, पटना।

ज्ञापांक : 441 पटना, दिनांक : 24-01-2020

प्रतिलिपिः– सभी संबंधित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

कृषि निदेशक, बिहार, पटना।